बरेली, गुरुवार
21 सितंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण inext

स्वास्थ्य जांच कैंप में बुजुर्गों का हुआ परीक्षण

BAREILLY: ज्वाइंट्स ग्रुप आफ बरेली ने बुधवार को लाल फाटक के पास बुखारा मोड़ पर स्थित वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया. सुबह 9 बजे से आरंभ हुए इस कैंप में आंखों, दांतों, हड्डियों के विशेषज्ञ डक्टर के साथ ही जनरल मेडिसिन के डक्टर भी मौजूद रहे. जाइंट्स ग्रुप आफ बरेली के अध्यक्ष आशीष सिंघल ने बताया कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के सौजन्य से लगाए गए इस स्वास्थ्य जांच शिविर में सौ से ज्यादा बुजुर्गों का चेकअप किया गया. जरूरतमंद बुजुर्गों को दवाइयां भी प्रदान की गईं. इस मौके पर डॉ. दरब इम्तियाज, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. सचिन पाठक के साथ टेक्निकल स्टाफ और क्लब के सदस्य भी मौजूद रहे.